figures are available was as follows :

| Year | Per capita national income | |
|---|---|---|
| | at constant (1960-61) prices | at current prices |
| | ( Rs. ) | ( Rs. ) |
| 1966-67* | 307·9 | 482·9 |
| 1967-68* | 329·2 | 560·8 |
| 1968-69* | 329 9 | 554·7 |
| 1969-70* | 339·4 | 589 3 |

*Provisional

(b) The percentage increase at constant prices is given below :

| Year | Percentage increase over the previous year at constant (1960-61) prices |
|---|---|
| 1966-67* | ( . . ) 0 8 |
| 1967-68* | 6·9 |
| 1968-69* | 0 2 |
| 1969-70* | 2·9 |

*Provisional

It is not the practice to work out the increase at current prices as it is affected by unequal movements of prices.

(c) Considering the increase in the initial year of the Fourth Plan and other indications including trends in production in agriculture, industry and other sectors it is expected that the growth rate in national income as envisaged in the Fourth Plan would be realised.

## पिछड़े हुए पहाड़ी क्षेत्रों का विकास करने हेतु उत्तर प्रदेश को सहायता

1025. **श्री नरेन्द्र सिंह बिष्ट** : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार का विचार उत्तर प्रदेश के पिछड़े हुए पहाड़ी क्षेत्रों का विकास करने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार को अलग से अनुदान देने का है ; और

(ख) यदि हां, तो उक्त कार्य के लिए कितनी राशि दी गई है और किन मदों पर यह राशि व्यय की जायेगी ?

**योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहन धारिया)** : (क) और (ख) : जी हां । उत्तर प्रदेश मे पहाड़ी क्षेत्र की सम्पूर्ण विकास योजना को पूरे राज्य के लिए कुल योजना सहायता के अन्तर्गत केन्द्रीय सहायता (50 प्रतिशत ऋण तथा 50 प्रतिशत अनुदान) के द्वारा आर्थिक सहायता दी गई है। राज्य की चौथी योजना मे पहाड़ी क्षेत्रों के लिए विकास की निम्न मदों (खण्डों) के लिए 65.05 करोड़ रु० की

व्यवस्था सम्मिलित है —

| | (रु० लाखों में) |
|---|---|
| 1. कृषि और अन्य सम्बद्ध कार्यक्रम | 2435 |
| 2. सहकारिता एव सामुदायिक विकास | 145 |
| 3 सिचाई व बिजली | 819 |
| 4. उद्योग व खनन | 162 |
| 5. परिवहन एव सचार | 1455 |
| 6. समाज सेवाए | 1483 |
| 7. विविध | 6 |
| कुल | 6505 |

**उत्तराखण्ड के आर्थिक विकास के लिए केन्द्रीय सहायता**

1026. **श्री नरेन्द्र सिंह बिष्ट** क्या योजना मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) तीन योजनाओ, तीन वार्षिक योजनाओ तथा चौथी पचवर्षीय योजना मे उत्तराखण्ड के आर्थिक विकास के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा कितना सहायता अनुदान दिया गया था ,

(ख) क्या पहले दी जा रही 24 करोड रुपये की केन्द्रीय सहायता अब बन्द कर दी गई है और यदि हा, तो इसके क्या कारण है ; और

(ग) क्या उत्तराखण्ड मे अत्यधिक निर्धनता को दृष्टि मे रखते हुए सरकार का विचार इस क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए बढ़ा हुआ केन्द्रीय सहायता अनुदान पुन आरम्भ करने का है ?

**योजना मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहन धारिया)** (क) उत्तराखण्ड मे उत्तर काशी, चमोली और पिथौरागढ जिले शामिल है, उत्तराखण्ड के त्वरित विकास की स्कीम को वर्ष 1960 मे अन्तिम रूप दिया गया । तब से भारत सरकार द्वारा इस क्षेत्र के विकास के लिए केन्द्रीय सहायता दी जा रही है । उत्तराखण्ड की विकास योजना के लिए अनुदान के रूप मे दी गयी केन्द्रीय सहायता इस प्रकार है

| | अनुदान करोड़ रुपयो में |
|---|---|
| 1960-61 | 0 50 |
| तीसरी पचवर्षीय योजना | 11 62 |
| तीन वार्षिक योजनाये— | |
| 1966-67 | 1.90 |
| 1967-68 | 1 97 |
| 1968-69 | 1 65 |

राज्य की चौथी योजना मे उत्तराखण्ड के लिए 20 करोड रुपये की व्यवस्था की गई है जिसमे से आधा अनुदान होगा । चौथी योजना के आरम्भ के तीन वर्षों मे राज्य की वार्षिक योजनाओ मे उत्तराखण्ड मे लिए निम्नलिखित परिव्यय शामिल किये गये है

| | करोड़ रुपये |
|---|---|
| 1969-70 | 3.50 |
| 1970-71 | 4 36 |
| 1971-72 | 4.00 |

(ख) जी, नही । तीसरी योजना मे केन्द्रीय सहायता का आवटन 24 करोड रुपये था, जिसमे